हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025
[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

4 संविधान निर्माता की जयंती पर भाजपाई ने अर्पित की पुष्पांजलि



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

जांच कमेटी बनाने के 40 दिनों बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कर सका प्रशासन

# खत्म नहीं हो रहा जिला अस्पताल विवाद प्रदेश स्तर पर आंदोलन की बन रही रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में प्रभारी सिविल सर्जन और डॉक्टरों व स्टाफ के बीच चल रहा विवाद कहीं थमने का नाम नहीं ले रहा है। खास बात यह है कि डॉक्टरों व स्टाफ की शिकायत पर जिला प्रशासन ने कमेटी बनाकर जांच के आदेश दिए थे, लेकिन मामले को 40 दिन बीत गए और कार्रवाई आज तक नजर नहीं आई। ऐसे में बीते दिनों ओपीडी बहिष्कार व जिला स्तर पर अस्पतालों में कामकाज ठप करने के बाद डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मचारी संघ प्रदेश स्तरीय आंदोलन के लिए लामबंद हो रहे है। बताया जाता है कि इसको लेकर संभाग मुख्यालय बिलासपुर में प्रतिनिधि मंडल की बैठक रखी गई है, जहां प्रदेश स्तरीय आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

गौरतलब है कि ठाकुर छेदीलाल शासकीय जिला चिकित्सालय में प्रभारी सिविल सर्जन के खिलाफ डॉक्टरों व नर्स के साथ कर्मचारियों ने मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने सिविल सर्जन पर प्रताड़ना व कर्मचारियों से अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाया था। इसको लेकर बीते 5 मार्च को डॉक्टर व स्टाफ नर्स के साथ कर्मचारी नारेबाजी करते हुए पैदल ही कलेक्टोरेट पहुंचे थे और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी।

इधर इस मामले में जिला प्रशासन ने अपर कलेक्टर के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की और जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन मामले में समुचित कार्रवाई आज तक नहीं हो सकी। इधर तय समय सीमा में कार्रवाई नहीं होने से क्षुब्ध डॉक्टरों व सस्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत की। इसके तहत ओपीडी बहिष्कार व सामूहिक अवकाश लेकर जिला अस्पताल में कामकाज ठप करने के बाद पूरे जिले के अस्पतालों में एक दिन कामकाज ठप किया गया। बावजूद इसके इस दिशा में उचित पहल नहीं हो सकी। ऐसी स्थिति में डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने प्रदेश स्तरीय आंदोलन की रणनीति बनाई है। बताया जाता है कि मंगलवार 15 अप्रैल को जिला अस्पताल के डॉक्टरों व स्टाफ का एक प्रतिनिधि मंडल संभाग मुख्यालय बिलासपुर जाएगा, जहां संगठन के पदाधिकारियों से बैठक करके प्रदेश स्तरीय आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला बनने के ढ़ाई दशक बाद यह शायद पहला अवसर है जब डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारियों का प्रभारी अधिकारी के साथ तालमेल नहीं बैठ रहा है और जिले के सबसे बड़े अस्पताल में बीते 40 दिनों से निर्मित विवाद की स्थिति आज तक खत्म नहीं हो सकी है। वहीं जिला से निकलकर प्रदेश स्तरीय आंदोलन की रणनीति बन रही है।



ओपीडी का बहिष्कार कर प्रदर्शन करते चिकित्सक व स्टाफ। फाइल फोटो

## ओपीडी का कर चुके हैं बहिष्कार

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में पदस्थ सिविल सर्जन को हटाने की मांग को लेकर डॉक्टर व स्टाफ ने मोर्चा खोल दिया है। इसको लेकर के डॉक्टर ओपीडी का भी बहिष्कार कर चुके है। हाल ही के कुछ दिनों पूर्व जांजगीर-चांपा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र के साथ जिला अस्पताल में पदस्थ करीब 7 सौ से अधिक स्टाफ ने सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन पर रहे। उनके आंदोलन से जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए मरीज भटकते रहे। वहीं इसके चलते एक्सरे, सोनोग्राफी, पैथोलैब सहित अन्य व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही। मंगलवार 15 अप्रैल को जिले के डॉक्टर बिलासपुर बैठक में शामिल होकर आगे की रणनीति तय करेंगे।

### बना रहे रणनीति

हमारी एक सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत की गई है। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में प्रदेश संगठन को अवगत कराया गया है। 15 अप्रैल को बिलासपुर में बैठक में रखी गई है, जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा होगी।

-डॉ.इकबाल हुसैन,
प्रदेश अध्यक्ष सीडा

# प्रकाश इण्डस्ट्रीज ब्लास्ट मामले में लापरवाही उजागर

» कारखाना प्रबंधक समेत दो के विरुद्ध एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर के प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के फर्नेश ब्लास्ट मामले में लापरवाही उजागर होने पर स्थानीय पुलिस ने प्रबंधन के दो अधिकारियों सहित अन्य के विरुद्ध जुर्म दर्ज किया है। हादसे में प्लांट के कुल 13 मजदूर झुलए गए थे। इनमें से चार को बेहतर उपचार के लिए डीआडीओ हैदराबाद एयर एम्बुलेंस भेजा गया है।

शनिवार 12 अप्रैल को प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के 15 टन ओल्ड फर्नेश में हुए ब्लास्ट में लावा गिरने से कुल 13 मजदूर झुलस गए थे। शाम 4 बजे हुए हादसे में झुलसे सभी मजदूरों को उपचार के लिए नारायणा हॉस्पिटल रायपुर भेजा गया था। इनमें से चार की हालत गंभीर होने से उन्हें बेहतर उपचार के लिए हैदराबाद भेजा गया है। मामले में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा की गई जांच में प्रबंधन की लापरवाही उजागर होने पर विभाग के निरीक्षक राहुल पटेल द्वारा पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामले में पुलिस ने कारखाना प्रबंधक उदय सिंह, अधिभोगी संजय जैन सहित अन्य दो के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 287, 289 एवं (3) 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। टीआई जे.पी. गुप्ता ने कहा कि मामले में जिसकी लापरवाही उजागर होगी उसके खिलाफ जुर्म दर्ज होगा।




घायलों को लेकर जाती एम्बुलेंस। फाइल फोटो

## शुष्क दिवस का नगर एवं क्षेत्र में कोई असर नहीं

**अकलतरा।** वैसे तो शासन के द्वारा महावीर जयंती एवं अंबेडकर जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस की घोषणा की गई है, जिसके अंतर्गत शराब दुकानों को बंद रखना अनिवार्य है लेकिन नगर एवं क्षेत्र में शुष्क दिवस के किसी भी नियमों का पालन नहीं किया गया। सामान्य दिनों की तरह ही अवैध शराब दुकानों में बेरोकटोक एवं बिना किसी भय के शराब विक्रय किया गया।

अकलतरा के 20 वार्डों में से 15 वार्डों में अवैध रूप से शराब का विक्रय किया जाता है जिसकी जानकारी आबकारी विभाग के अधिकारियों को भी है लेकिन उनके द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं से साथ गांठ कर कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के चलते अवैध शराब विक्रेता बेखौफ होकर नगर के लगभग समस्त 15 वार्डों में अवैध शराब विक्रय करते हुए दिखाई दिए। नगर के जैन समाज के द्वारा महावीर जयंती के अवसर पर संभावित अवैध शराब विक्रय को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर महावीर जयंती के दिन विशेष रूप से शराब विक्रय पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी लेकिन जैन समाज द्वारा लगाई गई गुहार का कोई असर नहीं हुआ एवं जिम्मेदार आबकारी विभाग के अधिकारियों ने इस और ध्यान न देकर अवैध शराब पर प्रतिबंध लगाने जैसी कोई कार्रवाई नहीं की गई। अवैध शराब की अत्यंत सुलभ उपलब्धता के चलते नगर एवं क्षेत्र में लगातार अपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस संबंध में आबकारी निरीक्षक शिल्पा दुबे ने कहा कि अभी सरकारी शराब दुकानों में अहातों की टेंडर प्रक्रिया चल रही है जिसमें मैं व्यस्त हूं। जल्द ही अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ गौरव रत्न सम्मान कार्यक्रम आज

**जांजगीर-चाम्पा।** इशिका लाइफ फाउंडेशन द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव रत्न सम्मान जांजगीर महोत्सव का आयोजन मंगलवार 15 अप्रैल को हाईस्कूल मैदान जांजगीर में शाम 6 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस दौरान लोगों की मनोरंजन के लिए डिजनीलैंड मेले का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मशहूर आर्टिस्ट शाहनाज अख्तर की सुरीली आवाज का जादू रहेगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ी संगीत जगत के सुप्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुति होगी। इनमें लोकप्रिय गायक नितिन दुबे और अनिति ठाकुर की प्रस्तुति विशेष रूप से दर्शकों को लुभाएगी। इसके अलावा सोशल मीडिया व यूट्यूब पर प्रसिद्ध कलाकारों की मौजूदगी इस शाम को और भी मनोरंजक बना देगी। शाहनाज अख्तर, छत्तीसगढ़ गौरव रत्न सम्मान एवं जांजगीर महोत्सव का भव्य आयोजन कार्यक्रम के संचालन का दायित्व गोपाल शर्मा निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि डिजनीलैंड मनोरंजन मेला एवं भारत शपिंग फेस्टिवल क्रफ्ट बाजार का शुभारंभ होगा।

### सर्व हिंदू समाज आज निकालेगा शोभायात्रा

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना में सर्व हिंदू समाज द्वारा मंगलवार 15 अप्रैल को हिंदू नववर्ष ,रामनवमी एवं हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह शोभा यात्रा अपरान्ह 3 बजे मां चंडी प्रांगण से होते हुए मां चंडी दरबार में पहुंचेगी। इस अवसर पर डीजे बाजा के धुन में राम भक्त झूमते दिखाई देंगे।

### अखंड राम नाम सप्ताह का फाइनल प्रतियोगिता आज

**गोधना।** नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम कांसा में सात दिवसीय अखंड राम नाम सप्ताह महा यज्ञ का आयोजन किया गया है, जिसका फाइनल मंगलवार 15 अप्रैल मंगलवार को रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगी जिसमें चयनित प्रतिभागी पार्टी भाग लेगी। इस प्रतियोगिता में प्रथम इनाम 12 हजार ,द्वितीय 10 हजार, तृतीय 8 हजार, चतुर्थ इनाम 7 हजार ,पंचम 6 हजार ,षष्ठ इनाम 55 सौ ,सप्तम इनाम 5100, अष्टम 5 हजार, नवम 41 सौ ,दशम इनाम 35 सौ एवं एकादश इनाम 3 हजार विजेता प्रतिभागी पार्टियों को प्रदान की जाएगी।

## 96 पाव देशी शराब के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

नशा मुक्ति अभियान के तहत अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में हसौद पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कुल 10 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 96 पाव देशी प्लेन शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**खास बात**
- आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

प्राप्त जानकारी अनुसार 13 अप्रैल को ग्राम हसौद निवासी खिलावन नागेश उम्र 35 वर्ष को 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। वहीं 14 अप्रैल को ग्राम छिर्राडीह निवासी राधेश्याम डहरिया उम्र 41 वर्ष को 96 पाव देशी प्लेन शराब का अवैध परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी शराब को होंडा शाइन मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी11 एआर 9052 में रखकर ले जा रहा था। दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस की यह कार्रवाई अवैध शराब, गांजा एवं जुए के विरुद्ध आगे भी जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक सक्ती सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ मुहिम चलाने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में हसौद पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त शराब।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** माल वाहक वाहनों में सवारी बैठाकर वाहन चलाने वालो के विरुद्ध यातायात पुलिस ने कार्रवाई की है। सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए हुए उचित बचाव के लिए यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी के नेतृत्व में निरीक्षक कमलेश शेंडेय, निरीक्षक सुभाष चौबे, निरीक्षक लालन पटेल, निरीक्षक दिनेश कुमार यादव द्वारा 13 अप्रैल को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान 105 वाहन चालकों के द्वारा यातायात नियमों का उलंघन करने पाए जाने पर वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर अधिनियम के कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूल किया गया।




महिला पंचों के स्थान पर पतियों ने निभाई सहभागिता

# विशेष ग्राम सभा से नदारद रहे सरपंच, उप सरपंच एवं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शासन के द्वारा 14 अप्रैल को समस्त ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। विशेष ग्राम सभा के दौरान पूर्व निर्धारित एजेंडा सहित समसामयिक विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव किया जाना था, लेकिन ग्राम पंचायत कटनई में आयोजित विशेष ग्राम सभा मे नियमों की धज्जियां उड़ाई गई। विशेष ग्राम सभा से सरपंच,उप सरपंच एवं अधिकारी नदारत रहे। यहां महिला पंचों के स्थान पर पतियों ने सहभागिता निभाई।

ग्राम पंचायत कटनई में आयोजित विशेष ग्राम सभा के दौरान शासन के नियमों की खुलकर धज्जियां उड़ाई गई। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा 14 अप्रैल को समस्त ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। विशेष ग्राम सभा के दौरान पूर्व निर्धारित एजेंडा सहित ग्राम पंचायत के समसामयिक विषयों को रखकर उन पर विचार एवं प्रस्ताव किया जाना सुनिश्चित हुआ था। ग्राम वासियों ने बताया कि विशेष ग्राम सभा के दौरान शासन के नियमों की खुलकर धज्जियां उड़ाई गई। विशेष ग्राम सभा के आयोजन के दौरान ग्राम कटनई में ग्राम सभा के लिए नियुक्त प्रभारी पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग अकलतरा सुश्री अपर्णा शर्मा सहित सरपंच रेशम लाल मार्बल एवं उपसरपंच श्रीमती बुधवारा कश्यप तीनों अनुपस्थित रहे। सरपंच रेशम लाल मार्बल का स्वास्थ्य खराब होने पर उनके पुत्र एवं उपसरपंच श्रीमती बुधवारा कश्यप के स्थान पर उनके पति भोलेनाथ कश्यप ने सरपंच एवं उपसरपंच की औपचारिकता पूर्ण की। ग्राम वासियों ने यह भी बताया कि ग्राम में नौ महिला पंच चुनकर आई हैं लेकिन ग्राम सभा के दौरान सभी 9 की 9 महिला पंच अनुपस्थित रहे एवं उनके स्थान पर उनके पतियों ने सहभागिता लेते हुए उपस्थिति रजिस्टर पर दस्तखत किया। ग्राम वासियों ने बताया कि विशेष ग्राम सभा के लिए प्राधिकृत अधिकारी एवं पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधियों ने विशेषग्राम सभा का मजाक बनाकर रख दिया है। यह पूर्ण रूप से अनैतिक है। ऐसे में पंचायती राज के उद्देश्यों को पूर्ण नहीं किया जा सकता है।



कटनई में पूरी की गई ग्राम सभा की औपचारिकता।

खबर संक्षेप

## एसबीआई एटीएम में गंदगी का आलम



**नवागढ़।** नगर पंचायत नवागढ़ में प्राइमरी स्कूल के पास स्थित एस बी आई के एटीएम में गंदगी का साम्राज्य है। सेवा प्रदाता कंपनी के कर्मचारी प्रतिदिन कैश डालने के लिये यहां आते हैं, लेकिन सफाई करने के बजाय नोटों के बंगलों से बंधे पालिथीन एवं कागजों के टुकड़े वहीं छोड़कर चले जाते हैं, जिससे ग्राहकों को वहां दो मिनट रुकना भी संभव नहीं होता वहीं एटीएम में एसी की सुविधा भी नहीं है और सेवा प्रदाता कंपनी एसबीआई प्रबंधन से एसी सुविधा की बिल वसूलती है। समय -समय पर अधिकारी निरीक्षण भी करते हैं लेकिन आज तक यहां एसी की सुविधा नहीं है। नगरवासियों ने जनहित में एसबीआई प्रंबधन के अधिकारियों से इस ओर ध्यान देने की बात कही है।

## ज्ञानोदय स्कूल में पंद्रह दिवसीय समर कैंप कल से

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 15 दिवसीय समर कैंप आयोजित किया जाएगा। नर्सरी से कक्षा - बारहवीं आयु समूह के लड़के और लड़कियों के लिए आयोजित इस समर कैंप में योगा, कराते, डांस,आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्रॉइंग और पेंटिंग सहित स्पोकन इंग्लिश एवं ब्रेनअप अबेकस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 8 से 10 बजे तक आयोजित होगा। समर कैंप के बहु आयामी महत्व तथा अधिक से अधिक लोगों के लाभ को ध्यान में रखकर इसे ज्ञानोदय विद्यालय तक सीमित नहीं रखा गया है अपितु जिला स्तर के अन्य विद्यालय के छात्र - छात्राओं को भी नि ःशुल्क अवसर प्रदान किया गया है। समर कैंप में जांजगीर - चांपा जिला स्थित अन्य विद्यालय के छात्र - छात्रा भी भाग ले सकते है। समर कैंप निःशुल्क है। प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण - पत्र एवं पुरस्कार भी आयोजन समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा। समर कैंप का निःशुल्क पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है। इच्छुक छात्र -छात्राएं क्यू -आर कोड स्कैन कर ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं या अकलतरा रोड़ जांजगीर स्थित ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उपस्थित होकर पंजीयन कर सकते हैं। समर कैंप आयोजन समिति के संयोजक मूलचंद साव तथा उप संयोजक श्रीमती चंचला मिश्रा के निर्देशन में कुशल प्रशिक्षक वरुण पाण्डेय, पुष्पेंद्र राजनाथ, दीपक तिवारी, प्रिया कोसरे,प्रतिभा यादव, विजेयता चौहान के निर्देशन में विभिन्न विद्याओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी आयोजन समिति के समन्वयक एवं प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव द्वारा दिया गया है तथा छात्र - छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर समर कैंप का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

## स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को किया जागरुक



**तुस्मा।** ग्राम पंचायत मुड़पार में सरपंच एवं पंचों ने मिलकर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उनके द्वारा लोगों से अपने आस पास को स्वच्छ रखने की बात कही जारही है ताकि की किसी भी प्रकार की परेशानी और बीमारी ना हो। स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को यह संदेश दे रहे है कि गांव यदि स्वच्छ रहेगा तो ग्राम के लोगो की मानसिकता स्वच्छ रहेगी। सबसे खास बात यह है कि ग्राम पंचायत मुड़पार सरपंच हेमा भूपेंद्र साहू साहू ने स्वयं झाड़ लेकर ग्राम के विभिन्न चौक चौराहों में स्वच्छता अभियान चलाकर गांव को स्वच्छत रखने की अपील की है। साथ ही जनप्रतिनिधि भी भरपूर सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने सभी से अपने आसपास हमेशा स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने की अपील की। साफ सफाई करने वालों में ग्राम पंचायत मुड़पार सरपंच हेमा भूपेंद्र साहू, उपसरपंच अशोक कर्ष एवं सभी पंच शामिल रहे।

## 27 प्रतिशत आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**तुस्मा।** ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन पर संभाग बिलासपुर के तत्वाधान में शुक्रवार 11 अप्रैल को तीन सूत्री मांगों को लेकर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम से तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। तुस्मा निवासी हरिश साहू संभाग अध्यक्ष ओबीसी महासभा बिलासपुर ने बताया की उनकी मांगों में विगत 32 वर्षों से लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण छत्तीसगढ़ में लागू किए जाने के संबंध में, भिलाई निवासी मासूम बच्ची मेहक यादव के गुनहगारों को निष्पक्ष जांच कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, महान समाज सुधारक एवं शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना शामिल है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर राम दरबार की जीवंत झांकी के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

# नासै रोग हरे सब पीरा, जपत निरंतर हनुमत बलबीरा...



शोभा यात्रा में शामिल नगरवासी।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

हनुमान जन्मोत्सव पर नगर वासियों के द्वारा राम दरबार की जीवंत झांकी के साथ शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया। शोभायात्रा महामाया मंदिर से प्रारंभ होकर भगवान परशुराम मार्ग, सब्जी मार्केट, शास्त्री चौक, पोस्ट ऑफिस मार्ग, आजाद चौक और अंबेडकर चौक से होते हुए श्री राम चौक पर संपन हुई।

नगरवासियों ने शोभायात्रा का जगह-जगह फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान 'राम भक्त हनुमान जी की जय एवं बजरंगबली की जय के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा में उत्साहित युवाओं ने डीजे की भक्तिमय धुनों पर जमकर नृत्य किया। शोभायात्रा से पूर्व श्री राम सेवा समिति ने महामाया मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। शोभायात्रा के श्री राम चौक पहुंचने पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। श्री राम सेवा समिति के मनोज मिश्रा, रोहित सारथी और रजनी साहू ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर समस्त नगर एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से शोभायात्रा निकाली गई जिसका नगर वासियों ने अपने-अपने घरों के सामने राम दरबार की पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी, ओम प्रकाशसाहू, नरेशकेड़िया, कमल केड़िया,रोहित सारथी, नानक रोहरा, भाजपानगर मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान, पार्षद दिनेश दास महंत, पुरुषोत्तम नामदेव, पिंटू बारेठ,संतोष दुबे, आशीष प्रसाद, चंदन शर्मा, आलोक अग्रवाल, आयुष शर्मा,छोटू कश्यप, ईश्वर साहू, नवीन साहू, संजय सोनवानी, प्रफुल्ल देवांगन, कुलदीप जायसवाल, क्षितिज सिंह चौहान, मन्नू थवाईत सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर रामायण पाठ सुंदरकांड व भजन-कीर्तन



**देवरी-सारागांव।** 12 अप्रैल शनिवार को हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर पंचायत सारागांव समेत आसपास के ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ अंजनी पुत्र हनुमान का जन्मोत्सव मनाया गया। देवरी, अमरूवा, सोनियापाठ, कुम्हारीकला, कुम्हारीखुर्द, कड़ारी, लछनपुर, हनुमंता, खमहिया, झरना, कचन्दा, मौहाडीह, चोरिया, पचोरी सहित अन्य गांवों के हनुमान मंदिरों में भव्य आयोजन हुए। भक्तों ने सुबह से ही मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना कर रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन में भाग लिया। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिसमें फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी लाइटों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ था। कई स्थानों पर हनुमानजी की शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु बैंड-बाजों, झांकियों और जयकारों के साथ शामिल हुए। समाजसेवियों और श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी, जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी में उत्साह और आस्था का माहौल देखने को मिला। आयोजन में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन एवं भजन मंडलियों में हिस्सा लिया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर महाआरती एवं प्रसाद वितरण

**अकलतरा।** नगर के बजरंग चौक में स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के आयोजन के 37 वें वर्ष के अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा महा आरती पूजन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के सदस्य पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि बजरंग चौक में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन का यह 37 वां वर्ष है। आयोजन के संस्थापक सदस्य हरिप्रसाद शर्मा, अभय जैन, रमेश चंदवानी एवं रमेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों के द्वारा प्रतिवर्ष हनुमान जन्मोत्सव पर प्रसाद एवं शरबत वितरण का आयोजन किया जाता है। हनुमान जन्मोत्सव मे किया जाने वाला खर्च केवल मंदिर समिति के सदस्य उठाते हैं। प्रतिवर्ष हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष रूप से पांच फीट का अगरबत्ती जलाया जाता है। इस अवसर पर भोजराज शर्मा, मदत्ती जैन, प्रदीप जैन, नीन्नू जैन, दयाशंकर मिश्रा,अखिलेश मिश्रा, अनुग्रह गोयल एवं श्रद्धालु गण उपस्थित थे। नगर के शास्त्री चौक में नवयुवक समिति के द्वारा भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में राहगीरों के द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया कार्यक्रम के आयोजन में गगन सिंह , ऐश्वर्य सिंह, जयदीप सिंह बैस, रोहन जैन, स्वयं सिंह, वीके माधवानी, जेठू बरेठ, संजू बरेठ एवं समिति के सदस्यों का सहयोग रहा



## खरौद के प्राचीन शबरी मंदिर में भजन-कीर्तन

**खरौद।** नगर के महिला कीर्तन मंडलियों द्वारा प्रति पूर्णमासी की भांति चैत्र पूर्णिमा हनुमान जयंती के अवसर पर भजन कीर्तन किया गया। इस अवसर पर धन साईयादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि राम की कृपा प्राप्त करने के लिए हनुमान जी की आराधना परम आवश्यक है। हेमलाल यादव शिक्षक ने कहा कि सीता जी के यह कहने पर की मांग में सिंदूर लगाने पर राम जी बहुत प्रेम करते हैं तो इससे प्रेरित होकर हनुमान जी ने अपने पूरे अंगों में सिंदूर लगाकर राम जी के पास में गए और तब से उन्हें सिंदूर प्रिय है। मूर्तियों में सिंदूर अवश्य लगाना चाहिए। अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष एवं शबरीकीर्तन मंडली का संयोजक शिवरात्रि प्रसाद यादव ने कहा कि हनुमान जी की पूजन अर्चन महिला पुरुष सब कर सकते हैं श्री राम जी जब साकेत धाम गए उन्होंने हनुमान जी से कहा कि कलयुग के सभी प्राणियों के दुख कष्ट हरण करने की जिम्मेदारी तुम पर है जो भी सत्संगी भजन कीर्तन करता है उनका दुख शीघ्र ही हरण कर लेना हनुमान जी जीवंत देव हैं सबसे ज्यादा मंदिर उन्हीं की है आगे उन्होंने सद्गुरु रितेश्वर महाराज के इस कथन का उल्लेख किया कि प्राचीन सबरी मंदिर खरौद में ही है एवं मतंग ऋषि का आश्रम भी यही है यह एक दिव्य ऊर्जा से भरपूर नगर है। कार्यक्रम में नीलम यादव पार्षद गौरी यादव चंद्र प्रभा यादव चमेली यादव त्रिवेणी यादव शांति जमुना यादव मदालसा यादव तारा यादव श्याम यादव सरस्वती साहू कांति नोनिया द्रौपदी रामेश्वरी श्रीवास दुखनी नोनिया नर्मदा यादव सतरूपा यादव सविता दुबे देवा लाल भेड़पाल सरस्वती आदि का सहयोग प्राप्त हुआ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वर्गीय जगदीश यादव के परिवार का विशेष योगदान रहा। अंत में हनुमान चालीसा और राम स्तुति का सामूहिक पाठ किया गया।



## दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भंडारा प्रसाद का आयोजन



**अकलतरा।** बरगवां के सिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव भक्ति भाव से मनाया गया। मंदिर के पुजारी एवं ज्योतिषाचार्य पवन शर्मा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में सुंदरकांड रामायण पाठ, महा आरती, भोग, पूजन एवं भजन कीर्तन सहित भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, संतोष सिंह बैस , प्रतिपाल सिंह, अविनाश साहू, देवी प्रसाद भोजासिया, सोनू भोजासिया, मोनू भोजासिया, विजय केडिया, प्रभात बगड़िया, रमेश तुलस्यान, लखन गुप्ता, दिनेश मित्तल, दीनदयाल अग्रवाल , अशोक अग्रवाल, नवल केडिया, तारा अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, प्रशांत शर्मा, विष्णु भोजासिया, यगेश सिंह, विनय केडिया, राजन केडिया, गगन सिंघानिया, शरद शर्मा, सोनू मित्तल आदि शामिल हुए।

## सिद्ध हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव, 51 दीपों से महाआरती

**सक्ती।** शहर केहृदय स्थल में हनुमान गेट के पास दो पीपल वृक्ष के मध्य श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में बड़े धूम धाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। हनुमान जी के गर्भ गृह को एक गुप्त भक्त के द्वारा ताजा फूल पत्तो से सजवाया गया था। श्री सिद्ध हनुमान के दर्शन पूजा आरती के लिये सुबह से भक्तो की भारी भीड़ लगी रही। सुबह 7:30 बजे मंदिर के पुजारी के द्वारा हनुमान जी का औलोकि श्रृंगार किया गया। पुजारी ओमप्रकाश वैष्णव के द्वारा आरती की गई, फिर ज्योति कलश कक्ष में मंत्रोउच्चर पूजन कर प्रथम कलश में दीप प्रज्वलित की गई। इसके पश्चात सभी भाक्तो के द्वारा कतार बनाकर हनुमान जी के दर्शन कर पूजन, धूप, दीप, पुष्प, फल, प्रसाद और राम नाम वाली फूल पत्ते के माला चढाये। एक दिवसीय 525 ज्योति कलश भक्तो के द्वारा लगवाई गई थी। 31 लोगो के द्वारा औलोकि श्रृंगार वस्त्र भी हनुमान जी को पहनाया गया। मंदिर में सभी प्रकार के चढ़े हुये प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर का पट सारा दिन खुला रहा। मंदिर के सामने बने सेल्फी जोन में सैकड़ो लोगो अपनी तस्वीर लिये। शाम के समय छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक डॉ. चरणदास महंत पहुंचे। वे पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। शाम 7 बजे 51 दीपो से सजी महाआरती हुई। आरती की शुरूआत के लिये रायपुर से आई श्रीमती श्रेया आशीष शर्मा एवं जांजगीर से आये तिवारी परिवार के द्वारा किया गया। आरती पूरा होने के बाद हजारों लोगों के द्वारा एक साथ बैठ कर सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। फिर भजन सन्ध्या का कार्यक्रम की शुरुआत भजन गायक जयनंद कर्ष के द्वारा किया गया। सभी भक्त अर्ध रात्रि तक आंनद में झूम रहे थे। नगरपालिका के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा की श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार के द्वारा किये जाने वाले सभी सेवा कार्य मे मेरा पूरा सहयोग रहेगा। कार्यक्रम को गौ सेवा समिति के मयंक ठाकुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नारायण प्रसाद मौर्य (कोडके) के द्वारा किया गया एवं श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार के सभी महिला, पुरुष एवं बच्चे भगवा रंग के वस्त्र धारण कर अपने कार्य मे सहयोग किये। नगर के कलाकार टंकेश देवांगन का भी स्वागत किया गया। इनके द्वारा एक खूबसूरत फ्रेम भजन गायक जयनंद कर्ष को उपहार भेट किया। इस के साथ गुप्त भक्त के द्वारा विशाल भंडारा प्रसाद वितरण किया।



## संकट मोचन की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**तुस्मा।** धार्मिक नगरी शिवरीनारायण से सटे ग्राम तुस्मा में शनिवार को बाड़ा पारा मोहल्ला के नव निर्मित मंदिर में सबसे पहले भगवान हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा किया गया। उसके पश्चात जनेऊ पहनाया गया और चोला चढ़ाया गया। साथ ही मठ के हनुमान मंदिर में भी हवन पूजा पूजन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर आहुतियां दी। इसके बाद विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर शिव कुमार साहू,जीवन लाल कुंभकार,हरिशंकर वैष्णव,कुंजराम पटेल,तिलक कुंभकार,अर्जुन प्रधान, दिलीप श्रीवास,बरत राम साहू,श्याम लाल साहू,राम जग प्रधान,गजानंद साहू,भुवन दास वैष्णव सहित ग्राम वासी मौजूद रहे।

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतो की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीजर (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि।
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661




# ‘किस किसको प्यार करूं 2’ का नया पोस्टर’ जारी

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म ‘किस किसको प्यार करूं 2’ को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उनकी नई फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है। इसमें वह सिख दूल्हा बने हैं। अब तक फिल्म के कई पोस्टर जारी किए जा चुके हैं। इससे पहले ईद और राम नवमी के मौके पर फिल्म का पोस्टर रिलीज किया जा चुका है। ‘किस किसको प्यार करूं 2’ का नया पोस्टर बैसाखी के मौके पर रिलीज किया गया । नए पोस्टर में कपिल शर्मा एक सरदार बने हैं। उन्होंने हल्की गुलाबी रंग की शेरवानी और पगड़ी पहनी हुई है। उन्होंने गले में माला पहनी हुई है। कपिल के सामने उनकी होने वाली दुल्हन खड़ी है।

## लाइफ Style

# गौहर
## बॉस लेडी की तरह किया रैंप वॉक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री गौहर खान ने 10 अप्रैल को ऐलान किया कि वह जैद दरबार के साथ अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। रविवार को एक फैशन शो में गौहर खान ने रैंप वॉक करते हुए बेबी बंप फ्लॉन्ट किया है। वहां मौजूद लोगों ने उनके लिए तालियां बजाईं।

गौहर खान के रैंप वाक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि गौहर खान हरे रंग की फैशन साड़ी पहने हुए हैं। उन्होंने अपने लुक को मिनिमल ज्वैलरी से कंपलीट किया है। साथ ही उन्होंने हाई पेंसिल हील पहनी हुई है। गौहर खान रैंप वॉक में बॉस लेडी की तरह लहरा के चली हैं। वह जब अपनी ड्रेस दिखा रही थीं इस दौरान कई यूजर ने उन्हें मुबारकबाद दी। गौहर खान लॉकडाउन के दौरान जैद दरबार से मिलीं। इसके बाद दोनों में प्यार हुआ। दोनों ने 2020 में शादी कर ली। 2023 में उन्होंने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। बच्चे का नाम जेहान है। 10 अप्रैल को गौहर खान ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रेग्नेंसी की खबर से सबको हैरान कर दिया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था जिसमें वह जैद के साथ नाच रही थीं। इस दौरान वह अपना फोन नीचे रखकर पीछे की ओर खिसकती हुई कैमरे के सामने अपना बेबी बंप दिखाती नजर आईं। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा ‘बिस्मिल्लाह। आपके दुआ और प्यार की जरूरत है। अपने प्यार से दुनिया को नचाएं।’ काम की बात करें तो गौहर फिलहाल रवि दुबे और सरगुन मेहता की ‘लवली लोला’ में ईशा मालवीय के साथ मुख्य भूमिका निभाती नजर आ रही हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# वह जो करे, अपनी मर्जी से करे...

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा अमेरिकन सिंगर निक जोनस से शादी करने के बाद हॉलीवुड में ही सेटल हो चुकी हैं। इनकी एक बेटी भी है। हाल ही में प्रियंका के पति निक जोनस ने एक शो में बताया कि वह अपनी बेटी के कॅरियर, फ्यूचर को लेकर क्या सोचते हैं? माता-पिता होने के नाते हम नहीं चाहते हैं कि मालती ऐसा वक्त देखे। यह हमारे लिए भी डरावनी बात होगी। हमारा काम अपने बच्चे को प्रोटैक्ट करना है। साथ ही हम यह भी चाहते हैं कि वह जो करे, अपनी मर्जी से करे।



# ‘डेज़्ड एंड कनफ्यूज़्ड’ से मिला था स्टारडम

**लॉस एंजिल्स।** ‘डेज्ड एंड कन्फ्यूज्ड’ फिल्म के एक्टर निकी कैट का 54 साल की उम्र में निधन हो गया है। हॉलीवुड स्टार 2000 के दशक की फॉक्स ड्रामा ‘बोस्टन पब्लिक’ में हैरी सीनेट और 2003 की ‘स्कूल ऑफ रॉक’ में रेजर के किरदार के लिए फेमस थे। निकी कैट को बतौर चाइल्ड एक्टर 1980 में ‘फैंटेसी आइलैंड’ के एपिसोड में पहला रोल मिला। उसके बाद उन्होंने फिल्म ‘अंडरग्राउंड एसेस’, और ‘चिप्स’ और ‘वी’ के एपिसोड में काम किया। हालांकि, रिचर्ड लिंकलेटर की 1993 की क्लासिक फिल्म ‘डेज्ड एंड कन्फ्यूज्ड’ में उनकी असाधारण भूमिका ने उन्हें स्टारडम की राह पर ला खड़ा किया। फिल्म और टीवी से दूर उन्होंने वीडियो गेम ‘स्टार वार्सः नाइट्स ऑफ द ओल्ड रिपब्लिक II - द सिथ लॉर्ड्स’ में एटन रैंड की आवाज दी।



# स्टेज पर ‘छम्मक छल्लो’ पर किया डांस...

**मुंबई।** हाल ही में करीना कपूर खान का कराची की एक रेव पार्टी का एआई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वहीं. अब एक इवेंट से करीना की फिल्म का गाना ‘छम्मक छल्लो’ पर उनका डांस सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिस पर प्रशंसक अपनी लागातर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। शनिवार को करीना कपूर ने मुंबई के एक इवेंट में ‘छम्मक छल्लो’ गाने पर शानदार डांस किया। पारंपरिक कपड़ों में सजी करीना ने अपने हिट गाने के स्टेप्स दोहराए और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनका यह डांस वीडियो अब वायरल हो रहा है। करीना के इस वीडियो में पर उनके प्रशंसक लगातार कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, ‘क्वीन’, एक और फैन ने लिखा, ‘कोई भी बेबो जैसी अदाएं नहीं दिखा सकती’।



# 14 साल छोटी गर्लफ्रेंड के साथ आए नजर

**मुंबई।** आमिर खान इन दिनों अपनी नई गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट को लेकर चर्चा में हैं। अपने जन्मदिन पर आमिर खान ने ऐलान किया था कि वह गौरी स्प्रैट के साथ रिश्ते में हैं। इसके बाद वह कई बार अपनी नई गर्लफ्रेंड के साथ कई जगहों पर स्पॉट किए गए हैं। हाल ही में गौरी स्प्रैट आमिर खान के साथ चीन में एक प्रोग्राम में नजर आईं। दोनों मकाऊ इंटरनेशनल कॉमेडी फेस्टिवल में हाथ में हाथ डाले नजर आए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस पर यूजर रिएक्शन दे रहे हैं।वायरल वीडियो पर कई यूजर्स अपना रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने आमिर और उनकी गर्लफ्रेंड की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है ‘आमिर खान हमें आपसे प्यार है।’ एक दूसरे यूजर ने लिखा है ‘ये स्टार है इसलिए मैरिज-मैरिज खेलते हैं।’

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में होंगे एल्विश यादव

**नई दिल्ली।** कलर्स का रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी को लेकर खबर आई थी कि प्रोड्यूसर से शो से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। इन खबरों के बीच एल्विश यादव ने अपने नए ब्लॉग कुछ ऐसा कहा है कि जिसके उनके फैंस को लग रहा है कि एल्विश यादव खतरों के खिलाड़ी 15 का हिस्सा होंगे। एल्विश ने कहा कि वो किसी नई जगह जा रहे हैं और एक महीने तक वहीं रहेंगे। एल्विश यादव की इस बात को लेकर फैंस को लग रहा है वो खतरों के खिलाड़ी के शूट पर जा रहे हैं। एल्विश यादव ने एक व्लॉग पोस्ट किया है। वो गाड़ी में बैठे नजर आ रहे हैं और कह रहे हैं, मैं सिर्फ आज के लिए यहां र हूं, फिर निकल जाउंगा दूसरी जगह, तीसरी जगह। इस बार कोई नई जगह है, एक महीने के लिए वहीं हूं। काफी अच्छा प्रोजेक्ट है तुम्हारे भाई का, तो मजा आनेवाला है। इसके बाद व्लॉग में एल्विश अपनी मां से बात करते नजर आते हैं। वो अपनी मां से कहते हैं, बाय बाय, एक डेढ़ महीने के लिए गए हम। डेढ़ महीने के लिएन प्रोजेक्ट आ रहा है अपना बहुत बढ़िया। तो आशीर्वाद दे मां। डेढ़ महीने के लिए बाहर हूं मैं घर के, डेढ़ महीने के बाद ही दिखूंगा, पूरा करके उसको।’ एल्विश यादव की इन्हीं बातों को फैंस से लग रहा है कि एल्विश यादव खतरों के खिलाड़ी 15 का हिस्सा हो सकते हैं।

## पराग और प्रेम का सुधरेगा रिश्ता बाप-बेटे लगाएंगे एक-दूसरे को गले

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल में रविवार को प्रेम और पराग फिर एक बार साथ आ जाएंगे, लेकिन अब मुश्किल यह है कि प्रेम जहां अपनी मां ख्याति को कोठारी मेंशन में वापस चाहता है, तो वहीं आर्यन किसी भी सूरत में अपनी मां को उस छत के नीचे नहीं देखना चाहता। सीरियल की शुरुआत होगी रात को अनुपमा के ख्याति का खयाल रखने से। अगली सुबह जब पूरा परिवार साथ बैठकर बातें कर रहा होगा तब अनुपमा अपनी बेटी राही और प्रेम को सलाह देगी कि उन्हें वापस कोठारी निवास चले जाना चाहिए। अनुपमा कहेगी कि तुम्हारी मां यहां हमारे साथ सुरक्षित है, जिनसे तुम रोज मिल सकते हो, लेकिन तुम्हारे पिता और दादी के प्रति भी तुम्हारी जिम्मेदारियां हैं। अनुपमा समझाएगी कि कोठारी निवास में रहकर तुम अपने पिता और मां को दोबारा करीब ला सकते हो।



# आखिरी वक्त में किशोर कुमार ने मधुबाला से बना ली थी दूरी

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा जगत में बहुत कम लोग ऐसे रहे जो बहुत कम वक्त में ही सफलता के शिखर पर पहुंचे। मधुबाला उनमें से एक थीं। उनकी जिंदगी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं थी। मधुबाला की जिंदगी जितनी सफल थी, उतनी ही दर्द से भरी भी। उन्हें देखकर कोई यकीन नहीं सकता था कि इस खूबसूरत और मुस्कुराते हुए चेहरे के पीछे इतना दर्द भरा होगा। मधुबाला के निधन के इतने सालों बाद आज पहली बार उनकी बहन, मधुर भूषण ने खुलासा किया कि कैसे एक घातक बीमारी ने उन्हें धीरे-धीरे अंदर से खा लिया, और जब इसका पता चला, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

***होती थी खून की उल्टियां :*** मधुबाला की बहन, मधुर भूषण ने फिल्मफेयर को अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान मधुर ने बताया, ‘मधुबाला की बीमारी का पहला लक्षण साल 1954 में तब सामने आया, जब अभिनेत्री बहुत दिन हुए की शूटिंग कर रही थीं। एक दिन, अभिनेत्री, जो केवल 20 साल की थी, अपने दांत ब्रश कर रही थी तभी उन्हें उसी समय खून की उल्टी होने लगी। उनकी हालत देखकर चिंतित दिलीप कुमार ने तुरंत मशहूर डॉ. रुस्तम जल वकील को मुंबई से बुलवाया। टेस्ट के बाद डॉ. रुस्तम ने एक चौंकाने वाली बात बताई कि मधुबाला को वेंट्रिकुलर सेप्टल दोष था या आम भाषा में कहें तो दिल में छेद था।’



***दुनिया से छुपाया बीमारी :*** उन्होंने बताया, ‘मधुबाला को उस समय बीमारी का पता चला जब वह अपने करियर के शिखर पर थीं। उस वक्त उनके पास एक नहीं बल्कि कई प्रोजेक्ट्स थे। वो करियर में रुकना नहीं चाहती थीं। उन्होंने दुनिया से अपनी गंभीर बीमारी को छिपाते हुए काम करते रहने का फैसला किया। मधुबाला ने बीमारी के बावजूद खुद को पूरी तरह से काम में डुबो दिया। इस दौरान उन्होंने ‘मुगल-ए-आजम’ में ‘अनारकली’ जैसी कई फिल्मों की शूटिंग पूरी की। कई बार वो सेट पर बेहोश जो जाती थीं, लेकिन इस मानसिक की कीमत उन्हें चुकानी पड़ी।


# बॉक्स ऑफिस पर ‘जाट’ ने दिखाई ताकत

**मुंबई।** सिनेमाघरों में इन दिनों कई बड़ी फिल्में दर्शकों का दिल जीतने की कोशिश कर रही हैं। शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों ने शानदार वापसी की, तो कुछ अब भी रफ्तार पकड़ने की जद्दोजहद में हैं। सनी देओल की ‘जाट’, अजित कुमार की ‘गुड बैड अग्ली’ के कलेक्शन में अच्छा उछाल देखने को मिला। वहीं, सलमान खान की ‘सिकंदर’ बॉक्स ऑफिस को अलविदा कहने की तैयारी में नजर आई। सनी देओल की ‘जाट’ने शनिवार को शानदार उछाल दर्ज किया। फिल्म ने तीसरे दिन 10 करोड़ रुपए की कमाई की, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 26.5 करोड़ रुपए हो गया है। 100 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म में सनी का देसी अंदाज दर्शकों को खूब पसंद आ रहा हैं। पहले दिन नौ करोड़ 50 लाख रुपएऔर दूसरे दिन सात करोड़ की कमाई के बाद शनिवार का यह उछाल फिल्म के लिए राहत की खबर है। वहीं, अजित कुमार की ‘गुड बैड अग्ली’ ने भी शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया। फिल्म ने 18.5 करोड़ रुपए की शानदार कमाई की और इसका कुल कलेक्शन अब 62.75 करोड़ रुपए हो गया है। 190 करोड़ रुपए के बड़े बजट में बनी इस फिल्म ने पहले दिन 28.5 करोड़ और दूसरे दिन 13.5 करोड़ रुपए कमाए थे। अजित का स्टाइलिश एक्शन और कहानी का रोमांच दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब रहा है। शनिवार की कमाई ने साबित कर दिया कि यह फिल्म अभी भी दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, अपने बजट को पार करने के लिए इसे अभी और मेहनत करनी होगी।



# ‘गरम हवा’ में मुस्लिम किरदार निभाने के लिए याद किए जाते हैं बलराज साहनी, नहीं देख पाए थे अभिनय

***नई दिल्ली।*** *‘धरती के लाल’, ‘दो बीघा जमीन’ और ‘गरम हवा’ जैसी फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता बलराज साहनी की रविवार को पुण्यतिथि थी। वह अपनी एक फिल्म में मुस्लिम का किरदार निभाने के लिए सबसे ज्यादा याद किए जाते हैं, लेकिन वह खुद ये फिल्म नहीं देख सके थे।*



### पढ़ाई के बाद संभाला खानदानी कारोबार


बलराज साहनी एक मई 1913 को ब्रिटिश भारत के पंजाब के रावलपिंडी में पैदा हुए। बलराज साहनी ने अपनी शुरूआती पढ़ाई लाहौर के सरकारी स्कूल में पूरी की। साहनी ने हिंदी में स्नातक किया। उन्होंने लाहौर से अंग्रेजी में परास्नातक की पढ़ाई की। पढ़ाई पूरी करने के बाद बलराज साहनी अपना खानदानी कारोबार संभालने के लिए रावलपिंडी गए।

### बलराज साहनी की उपलब्धियां...

- बलराज साहनी ने पटकथा लेखन में भी हाथ आजमाया। उन्होंने 1951 की फिल्म ‘बाजी’ लिखी जिसमें देव आनंद मुख्य भूमिका में थे। इसका निर्देशन गुरु दत्त ने किया था।
- बलराज साहनी ने बॉलीवुड के अलावा पंजाबी फिल्म ‘नानक दुखिया सब संसार’ (1970) और ‘सतलुज दे कंडे’ में काम किया।
- बलराज साहनी उन कलाकारों मे शामिल हैं, जिन्होंने पद्मिनी, नूतन, मीना कुमारी, वैजयंती माला और नरगिस के साथ काम किया।
- नई पीढ़ी बलराज साहनी को उनके गाने ‘ऐ मेरी जोहरा जबीं’ के लिए याद करती है। ये गाना ‘वक्त’ (1965) फिल्म का है।

### सात साल के बाद बॉलीवुड में मिली पहचान

बलराज साहनी हमेशा से अभिनय करना चाहते थे। उन्होंने ‘इंडियन पीपल थियेटर एसोसिएशन’ से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी। लंदन से लौटने के बाद साल 1946 में बलराज साहनी ने बॉलीवुड की फिल्म ‘इंसाफ’ से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म ‘धरती के लाल’ और ‘दूर चलें’ में नजर आए। ये साल 1953 था जब बलराज साहनी ने बिमल राय की फिल्म ‘दो बीघा जमीन’ में काम किया। इस फिल्म से उन्हें काफी शोहरत मिली। फिल्म को कांस फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड दिया गया। बलराज साहनी की दूसरी मशहूर फिल्मों में ‘काबुलीवाला’ और ‘वक्त’ है।



### इस रोल के लिए सबसे ज्यादा किए जाते हैं याद

बलराज साहनी ने फिल्म ‘गरम हवा’ में अभिनय किया। इस फिल्म में उन्होंने एक मुस्लिम का किरदार निभाया जो विभाजन के दौरान पाकिस्तान जाने से इंकार कर देता है। साहनी के इस रोल को लोगों ने खूब सराहा। हैरत की बात यह है कि बलराज साहनी इस फिल्म को नहीं देख सके। फिल्म की डबिंग का काम खत्म करने के अगले दिन ही उनका देहांत हो गया।

### शादी और परिवार

बलराज साहनी की पहली शादी साल 1936 में दमयन्ती साहनी से हुई थी। साल 1947 में उनकी पत्नी का देहांत हो गया। साल 1951 में उन्होंने संतोष चंडोक से दूसरी शादी की। बलराज साहनी और दमयन्ती साहनी से एक बेटा परीक्षित साहनी हैं। परीक्षित साहनी भी बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता हैं। हिंदी के बेहतरीन लेखक भीष्म साहनी, बलराज साहनी के भाई हैं। भीष्म साहनी ने कई नाटक लिखे और अभिनय भी किया।

14 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 4/14/2025 9:29 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री से मिला रेल संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल



**बिर्रा।** रेल संघर्ष समिति बिर्रा के प्रतिनिधि मंडल ने बिलासपुर पहुंचकर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से मुलाकात कर बिर्रा को रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए ज्ञापन देकर मांग किया। गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिले के जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे बड़े राजस्व आय देने वाला ग्राम पंचायत बिर्रा को क्षेत्रीय नेताओं की उदासीनता के कारण रेलवे विभाग से जारी आदेश में ट्रेन रूट रेलवे लाइन में बिर्रा को शामिल नहीं किया गया है। इस वजह से रेल संघर्ष समिति बिर्रा के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा 14 अप्रैल सोमवार को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का एकदिवसीय अल्प प्रवास बिलासपुर होने पर रेल संघर्ष समिति बिर्रा के प्रतिनिधि मंडल ने उनसे मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इसके बाद उन्हें ज्ञापन सौंप कर बिर्रा को रेलवे लाइन ट्रेन रूट से जोड़ने की मांग की। जिस पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने रेल संघर्ष समिति बिर्रा के प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया। इस अवसर पर दिनेश कुमार चंद्रा, द्रौपती कीर्तन लाल चंद्रा, लोकपाल देवांगन, बुद्धेश्वर कश्यप, भोला देवांगन, संजू साहू, लखन देवांगन, एकांश पटेल आदि उपस्थित थे।

### बिर्रा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खोलने की मांग

**बिर्रा।** ग्राम बिर्रा में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने की मांग ग्रामीणों ने की है। बिर्रा सबसे बड़ा पंचायत है और यहां तीन हायर सेकेण्डरी व महाविद्यालय संचालित हो रही है। हर वर्ष हायर सेकंडरी परीक्षा पास होने के बाद आगे की आईटीआई करने के लिए यहां के छात्रों को चाम्पा, खरौद, जाजंगीर एवं बिलासपुर जाना पड़ता है। उच्च परिवार वाले तो यहां से दूर जाकर आईटीआई कर लेते है, लेकिन रोजी मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले पालक अपने बच्चों को आगे की पढ़ाई करने के लिए दूर नहीं भेज पाते। उनके सामने अन्यत्र शहर जाने के लिए पैसा सबसे बड़ी बांधा बनकर रह गया है। आटीआई खुलने से ग्राम सहित आसपास गांव के बच्चे हायर सेकेण्डरी की पढ़ाई करने के बाद पास में ही आईटीआई में दाखिला ले सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आईटीआई खुलने से अच्छी शिक्षा मिल सके इसके लिए जनप्रतिनिधि सहित अधिकारियों को भी इस दिशा में प्रयास करना चाहिए।

### सपिया में एक साथ 25 घरों में गायत्री यज्ञ आयोजित



**फगुरम।** ग्राम सपिया में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ अभियान के अंतर्गत एक साथ पच्चीस घरों में श्रद्धा भाव के साथ एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ सम्पन्न हुआ। यज्ञ आचार्य ने विधि विधान से हवन पूजन संपन्न कराया। मालखरौदा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सपिया में रविवार को शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ अभियान के अंतर्गत ग्राम सपिया में मनोज सिदार सरपंच, ननकीराम सिदार, जगदीश सिदार , घनश्याम राठौर , रमेश राठौर , गोरा राठौर , बलराम राठौर , विनोद राठौर , लक्ष्मण राठौर मनोहर राठौर , सेतराम राठौर , दिलचंद राठौर, कमल राठौर, दिनेश राठौर , सुरजीत राठौर , मुकेश राठौर, प्रीतम राठौर , केशव राठौर, गोवर्धन राठौर, निर्मल राठौर, रमेश महंत, सामाजिक राठौर, कृष्णा राठौर तथा शिवा राठौर सहित एक साथ पच्चीस घरों में श्रद्धा भाव के साथ एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ सम्पन्न हुआ।

### कलश यात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण प्रारंभ



**मूलमुला।** ग्राम मुलमुला गुडीपारा में 13 अप्रैल से अखंड नवधा रामायण प्रारंभ हुआ। अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा शाम को ग्राम देवी माता चौरा से निकाली गई, जो गांव भ्रमण करते हुए अखंड नवधा रामायण स्थल पहुंची। कलश यात्रा में ग्राम के महिलाएं, युवतियां एवं बुजुर्ग एवं बच्च बड़ी संख्या में शामिल हुए।

134 वीं जयंती पर शिद्दत से याद किए गए संविधान निर्माता

# संविधान के शिल्पकार थे डॉ. भीमराव अंबेडकर : कश्यप



जयंती पर डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर के डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजली अर्पित की गयी।

इस अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप ने बाबा साहब को राष्ट्रनायक बताते हुए कहा कि मजदूरों, महिलाओं और समाज के वंचित व कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उनके द्वारा बनाये गये संविधान और देश में स्थापित लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। बाबा साहब द्वारा बताये गये रास्ते आज भी युवाओं के लिए किसी रोशनी के चिराग से कम नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अन्याय, असमानता, छूआछूत, शोषण और ऊंच-नीच के खिलाफ जीवन पर्यन्त जिन्होंने संघर्ष किया तथा सबके लिए सामाजिक न्याय की आवाज बुलंद करने वाले ऐसे देश के संविधान के शिल्पकार थे बाबा साहब। कार्यक्रम संयोजक रमेश पैगवार ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर प्रजातांत्रिक संसदीय प्रणाली के समर्थक थे, उनकी मान्यता थी कि आर्थिक विकास व पूंजी अर्जन के लिए गौतम बुद्ध द्वारा प्रतिपादित नैतिक और मानवीय मूल्यों पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को देश की विचारधारा में जोड़ने का बेजोड़ कार्य किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर देश के संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया। संचालन हृषिकेश उपाध्याय व आभार प्रर्दशन पूर्व नपाप अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से इंका नेता दिनेश शर्मा, डॉ. परस शर्मा, कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार, प्रदेश कांग्रेस सचिव गिरधारी यादव, उपाध्यक्षद्वय विवेक सिसोदिया व रफीक सिद्दिकी, महामंत्रीगण शिशिर द्विवेदी, अजीत सिंह राणा, आभाष बोस, शत्रुहनदास महंत, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष आकाश तिवारी, पार्षदगण विष्णु यादव, श्रीमती रक्षा सिंह, रेखा सोनवान, अरमान खान, देवराज सिंह चंदेल, रफीक खान, सुखराम गढ़ेवाल, संजय केदार अग्रवाल, परमेश्वर निर्मले, अनिल राठौर, मुस्कान परवीन, शशिकांता हंसेलिया, दिनेश महंत, संतोष बबई, अनिल चैरसिया, धीरज सिंह बैस, सत्ता राठौर, सौरभ सिंह, राजा सिद्दिकी, गुड्डु पठान, नरसिम्हा यादव, कुलदीप सिंह, दुष्यंत यादव, विजय सूर्यवंशी, विजय गढ़ेवाल, अतिक कुरैशी, प्रदीप यादव, खलील खान, महेश पटेल, जितेन्द्र दिनकर, हर्ष शुक्ला, ज्ञान प्रकाश गढ़ेवाल, दीपेन्द्र कहरा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा नगर मंडल ने संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर को किया याद



भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर के जयंती के अवसर पर सोमवार 14 अप्रैल को उनके कचहरी चौक स्थित स्मारक में भाजपा नगर मंडल जांजगीर नैला के द्वारा सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि के पश्चात सभी को मिष्ठान वितरण किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्यरूप से छग विधानसभा के पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल,भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े,पूर्व सांसद कमला पाटले,पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़वाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया,नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन लाल यादव जी,इंजी.रवि पाण्डेय जी, नंदिनी राजवाड़े, नगर मंडल अध्यक्ष हितेश यादव,प्रेमलता कौशिक, मनीषा गोपाल, दुलौरिन चौरसिया, उर्मिला निर्मलकर, संजीता माली,प्रतिमा डहारे,रिया यादव,सुधीर अग्रवाल,मोती लाल डहरिया, रमाकांत राजवाड़े,विवेक सिंह,विवेका गोपाल,कैलाश बसाईवाल,जितेन्द्र देवांगन,अभिमन्यु राठौर,देव कुमार गढ़वाल,देवानंद गढ़वाल,अजित गढ़वाल,अमित यादव,दिनेश राठौर,रघुनंदन कश्यप, गुड्डु कहरा,सुनील कश्यप,पंकज कहरा,नंदलाल यादव,पुष्पेंद्र निर्मलकर,राकेश रूपवानी, शिवचमन सिंह,शाहिद खान,रमेश सोनवानी,रितेश राठौर, हरदेव टंडन, अमर सिंह गोंड, हरि सोनवानी, पिंकल माली, गोलू दुबे,सोनू यादव,शैल राठौर,प्रदीप राठौर,सुशील सिंह,सतीश शर्मा,प्रेम थवाईत, छबि कश्यप, कार्तिक सूर्यवंशी, छत्रपाल विजय, अजय कौशिक,रवि पाण्डेय,सरोज साहू,नारायण सूर्यवंशी, राकेश गढ़वाल, चुन्नी लाल राठौर, उमेश चौहान, मयंक परमहंस, शिवम गोपाल,राजेंद्र साहू,रोहित कुलदीप, कमल राठौर,सहित बड़ी संख्या में नगर मंडल जांजगीर नैला के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संविधान निर्माता की जयंती पर भाजपाई ने अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सक्ती के द्वारा सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। नाका चौक में मूर्ति के आस पास झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया गया। संविधान निर्माता बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा को

- **स्वच्छता अभियान चलाकर नाका चौक में मूर्ति के आसपास की साफ-सफाई**

पानी से साफ किया गया एवं 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के जन्म जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ,रामावतार अग्रवाल, संजय रामचंद्र, अनूप अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, राम नरेश यादव सहित जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में स्टेशन रोड स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष अंबेडकर की 135वी जयंती मनाई गई। देश के संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया एवं उपस्थित भाजपा के कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीमराव आंबेडकर अमर रहे के नारे लगाए। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामावतार अग्रवाल, संजय रामचंद्र, रामनरेश यादव,अनूप अग्रवाल, रंजन सिन्हा , दीपक गुप्ता अन्नपुर्णा राठौर अनीता सिंह, ललिता साहू, मनोज सिसोदिया, चक्रधर साहू ,संजय अग्रवाल, विनोद पांडे, धनंजय नामदेव, अमन डालमिया, लाखन नामदेव, रामावतार साहू, सूरज देवांगन, आदित्य अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, पुरुषोत्तम खूंटे सहित भाजपा के जिला एवं मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पुष्पांजलि अर्पित कर अंबेडकर को याद करते भाजपाई।

## स्वच्छता सेहत और स्वास्थ्य के लिए जरूरी : जांगड़े

**खरौद।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस 6 अप्रैल से लेकर लगातारसेवा स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी द्वारा विभिन्न जगह धार्मिक स्थल, तालाब, पचरी, विभिन्न कार्यक्रम आयोजन करते हुए अनवरत सेवा दी जा रही है। इसी तारतम्य में नगर पंचायत मैं स्थित सबर जाति के कुलदेवी मां शबरी की कर्म भूमि केंद्रीय पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित छठवीं शताब्दी की शबरी मंदिर एवं छत्तीसगढ़ की काशी भगवान लक्ष्मणेश्वर मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्षअंबेश जांगड़े ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की 145 जयंती पर चलाया गया यह अभियान है अब अब 6 अप्रैल स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल तक भारत रत्न देश के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती तक जन-जन से जुड़ा हुआ यह अभियान है। हमें स्वयं जागरूकता लाते हुए व्यक्तिगत आसपास साफ सफाई अवश्य रखना चाहिए और इसके लिए सबको प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, कोडाभाट के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद यादव, उपाध्यक्ष महेश्वर यादव,जिला कार्य समिति उत्तम सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता बसंत यादव ,पूर्व पार्षद शरद चंद्र शर्मा , मुरारी यादव पूर्व अध्यक्ष, राजेश यादव पूर्व एल्डरमैन, पूर्व पार्षदअशोक आदित्य, पुष्पराज त्रिपाठी, दिनेश आदित्य , देव नोनिया,इंद्र देवांगन,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंद्रवती सोनी ,पार्षद नेहरू राही, सुभाष साहू पार्षद हे कृष्णा साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता दीदी एवं नगर पंचायत के स्वच्छता श्रमिक उपस्थित रहे। परमानंद राही ,रीका रूपेश यादव पार्षद , गेंद बाई आदित्य पार्षद, दीपशिखा यादव पार्षद, नीलम यादव पार्षद, मनोरंजन यादव पार्षद, प्रमिला यादव पार्षद , राम सहाय यादव पार्षद, सत्यम सिदार पार्षद, राम पिंटू यादव, सोनू यादव ,रविंद्र साहू ,जवाहर आदित्य , राजकुमार साहू, बद्री यादव,राजेंद्र आदित्य,लव सोनी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारीयो के साथ स्वच्छता दीदी एवं नगर पंचायत के स्वच्छता श्रमिक उपस्थित रहे।



## तहसील अधिवक्ता संघ ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को किया याद

**नवागढ़।** तहसील अधिवक्ता संघ नवागढ़ के द्वारा तहसील परिसर नवागढ़ में बाबा भीमराव अंबेडकर का जन्मजयंती मनाया गया। वहीं बाबा साहब के समाज और देश पर किए गए योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम को संघ के अध्यक्ष रामलाल रात्रे , सचिव पीताम्बर केशरवानी, सहसचिव जयप्रकाश सूर्या ने संबोधित किया। संबोधन में अंबेडकर जी के संविधान निर्माण में महती योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके समाज सुधार में योगदान को आज के युवाओं के लिए अनुकरणीय बताते हुए संविधान में प्रदत अधिकारों के साथ ही कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की अपील पीताम्बर केशरवानी ने किया और समाज को संतों के मंशानुरूप व्यसन मुक्त रखने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के सूत्रधार अधिवक्ता सचिन कुर्रे रहे। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता शत्रुघन बंजारे ने किया। कार्यक्रम में सम्मेलाल सुल्तानिया, शिव बंजारे, राकेश खूंटे, संतोष सूर्या, संजय लहरें, योगेश, विश्वनारायण तेंदुलकर, कोमल खूंटे सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।



## वन्दे मातरम आदर्श विद्यालय में मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती

**मालखरौदा।** वन्दे मातरम आदर्श विद्यालय मालखरौदा में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय के संचालक लालू गबेल एवं प्राचार्य बी.डी. मेहेर द्वारा बाबा साहब के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब को नमन किया गया। प्राचार्य बी. डी. मेहेर ने बाबा साहब के जीवनी और देश तथा समाज के लिए उनके समर्पण और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी के बाद सबको समान अधिकार भारतीय संविधान ने दिया है, जिसको बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा कड़ी मेहनत से सभी वर्ग को ध्यान में रख कर बनाया गया और देश को समर्पित किया। इस अवसर पर वन्दे मातरम आदर्श विद्यालय परिवार द्वारा बाबा साहब को श्रद्धा सुमन पुष्पांजलि अर्पित कर सभी ने नमन किया गया।



## सुशासन तिहार : मांगों एवं शिकायतों के 484 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप 8 से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनादह मांग एवं शिकायतों के 484 आवेदन प्राप्त हुए। सुशासन तिहार में गांव के लोग अपनी मांगो एवं शिकायतों को लेकर गांव के पंचायत भवन में पहुंचे है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, खेल मैदान, मत्स्यपालन, पशु विभाग कोठा जैसे अनेक योजनाओं के संबंध में आवेदन दिए है। ग्राम पंचायत सोनादह में 9 से 11 अप्रैल तक 481 मांग से संबंधित तो 3 शिकायत कुल मिलाकर 484 आवेदन प्राप्त हुए है। इस दौरान पीठासीन अधिकारी लक्ष्मीनारायण डडसेना, सरपंच प्रतिनिधि गोविन्दा खूंटे, उपसरपंच पूर्णिमा टंडन, रजनी बर्मन कार्यकर्ता, मालती महंत कार्यकर्ता, ईश्वर, कमल खूंटे, हेमंत खूंटे, रोहित चन्द्रा, गोविंद खूंटे उपस्थित थे।



# मुरलीडीह में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के मुरलीडीह आगमन पर जनपद पंचायत अध्यक्ष कमलेश पाटले के निवास पर भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सौरभ सिंह ने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश में हमारे मुखिया विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार चल रही है जिसमें समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले लोगों को मुख्य धारा में लाकर शान द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण एवं जनहित योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ देते हुए उनके जीवन स्तर को ऊंचा करने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। मुरली डीह सहित पूरे क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर डॉ. आशीष सिंह, रेशम पाटले ,करण सिंह एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



खनिज निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत करते ग्रामीण।

सर्व ब्राह्मण संगठन की बैठक, तैयारियों के संबंध में चर्चा

# भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

'सर्व ब्राह्मण संगठन पामगढ़ क्षेत्र' के पदाधिकारियों द्वारा रविवार को पामगढ़ के विद्या निकेतन स्कूल में बैठक रखी गई। बैठक में 2 मई को भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाए जाने के तैयारियों के संबंध में योजना बनाई गई।

सर्व ब्राह्मण संगठन पामगढ़ क्षेत्र के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि 'समाज के प्रमुख जनों ने यह निर्णय लिया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पामगढ़ में अक्षय तृतीया यानी 2 मई को भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें आस-पास के सभी विप्र बन्धु गण हजारों की संख्या में शामिल होंगे। इसके साथ ही शोभायात्रा में हमें सभी वर्गों का आपसी सहयोग भी प्राप्त होता है। इसके साथ ही कार्यक्रम में 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ विप्र जनों व 10-15 भगवताचार्यों का सम्मान किया जाएगा। इस संबंध में अभी और आगामी बैठकें होंगी। इस बैठक में प्रमुख रूप से सर्व ब्राह्मण संगठन पामगढ़ क्षेत्र के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार पाण्डेय, समाज के वरिष्ठ दुर्गेश्वर तिवारी, मणिशंकर गौरहा, श्याम बिहारी तिवारी, पालेश्वर शर्मा, सत्य नारायण शर्मा, अवध बिहारी तिवारी, कोमल ब्रम्हभट्ट, अटल बिहारी तिवारी, संजीव मिश्रा, लीलाम्बर पाण्डेय, योगेश उपाध्याय, चंद्रमोहन तिवारी, चितेश शर्मा, दयाशंकर शर्मा, संजय मिश्रा, विमलेश पाण्डेय , संजय तिवारी, अभिषेक दुबे, साकेत मिश्रा, मोरध्वज दीक्षित, अलिंदी दुबे, भोले शंकर दुबे, अतुल्य प्रकाश तिवारी, पुलकित शर्मा, श्रीहरि तिवारी, राहुल पाण्डेय, रूपेश पाण्डेय, गौरव तिवारी, आदर्श पाण्डेय, मेहुल पाण्डेय, शुशांक शर्मा एवं मातृ शक्ति में रश्मि पाण्डेय, कुसुम तिवारी, सीता तिवारी, कमला तिवारी, आस्था तिवारी, लक्ष्मी मिश्रा, रानी रिछारिया, सोनम तिवारी एवं सर्व ब्राह्मण संगठन पामगढ़ क्षेत्र के प्रमुख वरिष्ठ जन मौजूद रहे।




बैठक में विचार विमर्श करते सर्व ब्राम्हण संगठन के लोग।

